उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
CIN:U32201UP1999SGC024928

स्पीड पोस्ट

संख्या–2063–कार्य/चौदह–पाकालि/2024–8(1)–के/2024 दिनांकः 25 अक्टूबर, 2024

प्रबन्ध निदेशक,
पूर्वान्चल/मध्यांचल/दक्षिणान्चल/
पश्चिमांचल, विद्युत वितरण निगम लि0, केस्को
वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ, कानपुर।

**विषय : मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसस #3जी, एस0वी0एम प्लाजा, पद्मावतिपुरम तिरूपति, आन्ध्र प्रदेश को 03 वर्ष तक के लिए blacklist किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक पू0वि0वि0नि0लि0, वाराणसी के कार्यालय ज्ञाप सं0–2788/पूविविनिलि(वा)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 01.10.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसस #3जी, एस0वी0एम प्लाजा, पद्मावतिपुरम तिरूपति, आन्ध्र प्रदेश को 03 वर्ष तक के लिए काली सूची में डाले जाने का आदेश निर्गत किया गया है।

उपरोक्त कार्यालय ज्ञाप की छायाप्रति प्रेषित करते हुए मुझे यह अनुरोध करने का निर्देश हुआ है कि कृपया उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए तद्नुसार कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय,

(फैसल खान)
उप सचिव (कार्य)

संख्या–2063–(I)–कार्य/चौदह–पाकालि/2024 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अध्यक्ष के निजी सचिव, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/उ0प्र0 रिन्यूएबल एवं ई0वी0 इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0/उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0/उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0/उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष संख्या–407, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को वेबसाइट–www.uppcl.org पर अपलोड करने हेतु।

संलग्नकः–यथोपरि।

(फैसल खान)
उप सचिव (कार्य)

**संख्या–2063 (II)–कार्य/चौदह–पाकालि/2024 तद्‌दिनांक ।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवयश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष, असम स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, बिजली भवन, पलटन बाजार, गुवाहाटी–781001,
2. अध्यक्ष, गुजरात स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, विद्युत भवन, रेस कोर्स, बड़ोदा–390007,
3. अध्यक्ष, केरला स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, विद्युत भवन, पैटर्न, तिरूवनन्तपुरम–695001,
4. सचिव, तमिलनाडु स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, एन0पी0के0पी0आर0, मल्लीगल, 800ए, अन्ना सलाई, चेन्नई–600002,
5. सचिव, हिमॉचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, विद्युत भवन, शिमला (एच0पी0)–171004,
6. सचिव, मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, शक्ति भवन, विद्युत नगर, जबलपुर–432008,
7. अध्यक्ष, महाराष्ट्रा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, 4 तल, बांद्रा ईस्ट, मुम्बई–400051,
8. सचिव, मेघालय स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, लूम जिंगशाल, राउण्ड रोड, सिलाँग–793001,
9. अध्यक्ष, झाड़खण्ड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, इन्जिनियरिंग बिल्डिंग, एच0ई0सी0 धुर्वा, राँची–834004,
10. अध्यक्ष, वेस्ट बंगाल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, विद्युत भवन, 7वाँ तल, बिधान नगर, कलकत्ता–700091,
11. प्रबन्ध निदेशक, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग क0 लि0, विद्युत सेवा भवन, डंगनिया, रायपुर–492013,
12. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, आन्ध्र प्रदेश पावर जनरेशन कारपोरेशन लि0, विद्युत सौधा, हैदराबाद–500082,
13. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, आन्ध्र प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, हैदराबाद–500049,
14. प्रबन्ध निदेशक, हरियाणा विद्युत पारेषण निगम लि0, शक्ति भवन, सेक्टर–06, पंचकुला, हरियाणा–134109,
15. अध्यक्ष, उ0 दिल्ली पावर लि0, ग्रिड सब–स्टेशन बिल्डिंग, हरसंन लाइन, किंगस् वे कैम्प, नई दिल्ली–110009,
16. अध्यक्ष, दिल्ली ट्रॉंसमिशन लि0, शक्ति सदन, कोटा रोड, नई दिल्ली–110002,
17. अध्यक्ष, उड़ीसा हाईड्रो पावर कारपोरेशन लि0, भुवनेश्वर–751001,
18. प्रबन्ध निदेशक, कर्नाटक पावर जेनेरेशन कार्पोरेशन लि0, शक्ति भवन, 82–रेस कोस रोड, बैंगलौर–500001,
19. प्रबन्ध निदेशक, गुजरात स्टेट एनर्जी जेनरेशन लि0, ब्लाक–5, 3 तल, उद्योग भवन, सेक्टर–11, गाँधीनगर–382001, (गुजरात)।
20. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, ग्रिड कारपोरेशन ऑफ उड़ीसा लि0, जनपद, भुवनेश्वर–751001,
21. अध्यक्ष, जोधपुर विद्युत निगम लि0, न्यू पावर हाउस, इन्डस्ट्रियल एरिया, जोधपुर, राजस्थान।
22. अध्यक्ष, जयपुर विद्युत वितरण निगम लि0, विद्युत भवन, न्यू विधान सभा मार्ग, जयपुर, राजस्थान।
23. अध्यक्ष, राजस्थान स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बार्ड, विद्युत भवन, विद्युत मार्ग, जयपुर–337001,
24. प्रबन्ध निदेशक, वेस्ट बंगाल रूरल एनर्जी डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0, 19ए, ब्रिटिश इन्डियन स्ट्रीट 3 तल, कलकत्ता– 700069,
25. सचिव, राजस्थान राज्य विद्युत परिसर निगम लि0, विद्युत भवन, ज्योति नगर, आर0सी0 देव मार्ग, जयपुर–302005।
26. सचिव, दिल्ली विद्युत बोर्ड, रूम नं0–104, शक्ति भवन, नेहरू प्लेस, न्यू दिल्ली–110019,
27. प्रबन्ध निदेशक, दक्षिण हरियाणा बिजली विद्युत निगम लि0, विद्युत नगर, हिसार–126005,
28. अध्यक्ष, (वेस्ट जोन), मध्य प्रदेश पश्चिम कहेत्रा विद्युत वितरण कारपोरेशन लि0, जी0पी0एच0 कम्पाउन्ड, पोलो ग्राउन्ड, इन्दौर।
29. निदेशक, जनरल ऑफ सप्लाई एण्ड डिस्पोजल डेवलेपमेन्ट ऑफ कामर्स (सप्लाई ऑफ डिविजन) जीवन तरंग बिल्डिंग, 5–पार्लियामेंट स्ट्रीट, न्यू दिल्ली–110001।
30. अध्यक्ष, नेशनल स्मॉल इन्डस्ट्रीज कारपोरेशन लि0, नीयर ओखला इन्डस्ट्रियल इस्टेट, नई दिल्ली।
31. अध्यक्ष, बिहार स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, पटना, बिहार।

**संलग्नक–यथोपरि।**

**(फैसल खान)**
**उप सचिव (कार्य)**

# पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
## "पूर्वान्चल विद्युत भवन"

विद्युत नगर, पत्रालय–डी.एल.डब्लू,
वाराणसी–221004

CIN-U31200UP2003SGC027461 ce.commercial@puvvnl.in

संख्या– 2788 /पूविविनिलि(वा)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांकः– 01 अक्टूबर, 2024

## कार्यालय ज्ञाप

विषयः–पूर्वाचल विविनिलि के क्लस्टर–8 (प्रयागराज क्षेत्र, मिर्जापुर क्षेत्र एवं वाराणसी क्षेत्र) में बिलिंग एवं कलेक्शन से सम्बन्धित कार्यो के लिये निर्गत आशय पत्र संख्या 8628/PuVVNL(V.)/ Commercial Dated 20.09.2021 के अन्तर्गत फर्म मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस # 3जी, एस0वी0एम0 प्लाजा, पद्मावतिपुरम तिरूपति, आन्ध्र प्रदेश को 3 वर्षो हेतु काली सूची में डालने हेतु।

**Reference Letter No.:-**

1. PuVVNL LOI No. 8628/PuVVNL(V.)/ Commercial Dated 20-09-2021
2. पत्रांक सं0 2533/पूविविनिलि(वा)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 25.06.2024
3. पत्रांक सं0 2538/पूविविनिलि(वा)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 27.06.2024
4. पत्रांक सं0 2541/पूविविनिलि(वा)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 28.06.2024
5. पत्रांक सं0 2547/पूविविनिलि(वा)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 29.06.2024
6. पत्रांक सं0 2605/पूविविनिलि(वा)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 12.07.2024
7. पत्रांक सं0 2697/पूविविनिलि(वा)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 22.08.2024

1– पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी के क्लस्टर–8 (प्रयागराज क्षेत्र, मिर्जापुर क्षेत्र एवं वाराणसी क्षेत्र) में डोर टू डोर मीटर रीडिंग, ऑन स्पाट विद्युत बिल सृजन, विद्युत बिल वितरण एवं विद्युत बिल कलेक्शन का कार्य मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस, तिरुपति द्वारा निविदा विशिष्ट सं0 MEDCO/2585/2021 (RFP) के अन्तर्गत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी द्वारा निर्गत कार्यादेश (एल0ओ0आई0) 8628/PuVVNL(V.)/Commercial/ Date 20.09.2021 के क्रम में दिनांक 13.10.2021 को निष्पादित अनुबंध के अनुक्रम में दिनांक 01.11.2021 से किया जा रहा था, जिसकी कार्यावधि 36 माह थी।

2– बिलिंग गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्गत निर्देशों के क्रम में बिलिंग फर्म को बिलिंग सम्बन्धित कार्य में सुधार हेतु निरन्तर निर्देशित किया जा रहा था, परन्तु बिलिंग एजेंसी मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस द्वारा बिलिंग कार्यो में सुधार न कर अपने पत्र STR/PuVVNL/04/24-58 Date-22.06.2024 के माध्यम से पू0वि0वि0नि0लि0 द्वारा क्लस्टर–8 में बिलिंग कार्य हेतु किये गये अनुबन्ध को, आगामी माह की बिलिंग से मात्र 08 दिन पूर्व एकतरफा समाप्त (TERMINATE) कर माह जुलाई–2024 में क्लस्टर–8 में बिलिंग की व्यवस्था पू0वि0वि0नि0लि0 द्वारा अपने स्तर से करने हेतु कहा गया। डिस्काम द्वारा माह जुलाई–2024 का बिलिंग कार्य कराये जाने हेतु कार्यालय पत्रांक 2533/पू0वि0वि0नि0लि0)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 25.06.2024, 2538/पू0वि0वि0नि0लि0)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 27.06.2024 एम0ओ0एम0 पत्रांक 2541/पू0वि0वि0नि0लि0)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 28.06.2024 एवं पत्रांक 2547/पू0वि0वि0नि0लि0)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 29.06.2024 के माध्यम से फर्म से बार–बार अनुरोध करने के पश्चात भी फर्म द्वारा अनुबन्ध समाप्ति से सम्बन्धित पत्र पर पुनर्विचार करने से इनकार करते हुये कार्य बन्द कर दिया गया।

3– फर्म द्वारा अनुबन्ध की समाप्ति से सम्बन्धित आर0एफ0पी0 के क्लॉज 13.10.1.e के उल्लंघन एवं अनुबन्धीय प्रावधानों के अनुसार दायित्वों, कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन न किये जाने के कारण उत्पन्न आपातकालीन परिस्थिति में, अनुबन्ध/आर0एफ0पी0 के क्लॉज 15.10.1 Fall Back Arrangement के अन्तर्गत माह जुलाई–2024 से निर्बाध रूप से बिलिंग कार्य अविलम्ब प्रारम्भ कराये जाने हेतु पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी के क्लस्टर–8 (प्रयागराज क्षेत्र–1/2, मिर्जापुर क्षेत्र एवं वाराणसी क्षेत्र–1/2) में डोर टू डोर मीटर रीडिंग, ऑन स्पाट विद्युत बिल सृजन, विद्युत बिल वितरण एवं विद्युत बिल कलेक्शन कार्य हेतु अन्य एजेन्सी को आगामी 6 माह (जुलाई–2024 से दिसम्बर–2024) के लिये कार्यादेशसं0–2576/PuVVNL(V)/ Commercial/billing दिनांक 06.07.2024 निर्गत कर नियुक्त किया गया।

4– मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस द्वारा अनुबन्ध के प्रावधानों के उल्लंघन एवं अनुबन्धीय प्रावधानों के अनुसार दायित्वों, कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन न किये जाने के कारण तथा संभावित क्षति की रिकवरी के दृष्टिगत सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त अनुबन्ध/आर0एफ0पी0 के क्लॉज 15.10.1 के प्रावधानानुसार मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस द्वारा परफार्मेंस सिक्योरिटी के रूप में जमा एफ0डी सं0 709013309055 Dated. 13.10.2021 Amount 2,57,56,066.00 (Rs. Two Crore fifty seven lakh fifty six thousand sixty six एवं बैंक गारन्टी सं0 10180100000022 Dated. 05.07.2023 Amount 24,58,376.00 (Rs. Twenty four lakh fifty eight thousand three hundred seventy six only.) को Encash कराया गया।

5– तदोपरान्त सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त पू0वि0वि0नि0लि0 के पत्र सं0 2553/पूविविनिलि(वा)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 02.07.2024 के माध्यम से क्लस्टर–8 के अन्तर्गत प्रयागराज क्षेत्र–प्रथम/द्वितीय, मिर्जापुर क्षेत्र एवं वाराणसी क्षेत्र–प्रथम/द्वितीय के मुख्य अभियन्ता (वि0) से बिलिंग एजेंसी मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस द्वारा खराब बिलिंग एवं कलेक्शन कार्य करने, अनुबन्ध के नियम एवं शर्तों के अनुसार कार्य न करने तथा अनुबन्ध के प्रावधान के उल्लंघन करने पर काली सूची में डालने अथवा अन्य कार्यवाही किए जाने हेतु स्पष्ट अभिमत सहित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। पूर्वांचल विविनिलि के उपरोक्त वर्णित पत्र दिनांक 02.07.2024 के अनुक्रम में वितरण क्षेत्रों से निम्न मंतव्य/संस्तुति प्राप्त हुयी:–

i. मुख्य अभियन्ता (वितरण) मिर्जापुर क्षेत्र ने पत्रांक 1618/मु0अ0मि0क्षे0(मि0)/बिलिंग एजेंसी दिनांक 16.08.2024 के द्वारा अवगत कराया कि बिलिंग एजेंसी द्वारा बिलिंग एवं कलेक्शन की प्रगति में सुधार न करते हुये माह जुलाई–2024 से अचानक बिलिंग कार्य बन्द कर दिया गया जोकि अनुबन्ध के नियम एवं शर्तो का घोर उल्लंघन है, जिसके कारण मिर्जापुर के अन्तर्गत आम जनता से जुड़े लगभग 8 लाख विद्युत उपभोक्ताओं की बिलिंग प्रभावित हुयी, जिसके परिणामस्वरूप कारपोरेशन को राजस्व की हानि के साथ–साथ उपभोक्ताओं का ससमय विद्युत बिल न उपलब्ध होने के कारण आम जनमानस में कारपोरेशन /उ0प्र0 शासन की छवि धूमिल हुयी। उक्त के दृष्टिगत मुख्य अभियन्ता (वितरण) मिर्जापुर क्षेत्र द्वारा बिलिंग एजेंसी मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस को ब्लैकलिस्ट करने की संस्तुति की गयी।

ii. मुख्य अभियन्ता (वितरण) प्रयागराज क्षेत्र–प्रथम पत्रांक 3887/मु0अ0(वि0)प्र0क्षे0/बिलिंग एजेंसी दिनांक 14.08.2024 के माध्यम से अनुबन्ध की शर्तो के विपरीत कार्य करने, विभाग का बिलिंग कार्य बाधित करने एवं विभाग की छवि धूमिल करने के कारण बिलिंग एजेंसी मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस के विरूद्ध अनुबन्ध की शर्तों के अनुरूप आवश्यक कठोरतम कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया।

iii. मुख्य अभियन्ता (वितरण) प्रयागराज क्षेत्र–द्वितीय द्वारा पत्रांक 3792/मु0अ0(वि0)प्रया0क्षे0द्वि0/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 14.08.2024 के माध्यम से फर्म द्वारा बिलिंग एवं कलेक्शन कार्यो को अनुबन्ध के नियम एवं शर्तो के अनुसार कार्य न करने तथा अनुबन्ध के प्रावधान का घोर उल्लंघन किये जाने पर बिलिंग एजेंसी मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस को ब्लैकलिस्ट करने का अनुरोध किया गया।

iv. मुख्य अभियन्ता (वितरण) वाराणसी क्षेत्र–प्रथम द्वारा पत्रांक 2615–मु0अ0वा0क्षे0(वा0)/(वाणिज्य)/बिलिंग दिनांक 23.08.2024 के माध्यम से अवगत कराया गया कि बिलिंग एजेंसी मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस द्वारा अनुबन्ध के नियम एवं शर्तों के अनुरूप कार्य नहीं किया गया जिसके कारण बिलिंग एजेंसी उपभोक्ताओं को समय पर सही विद्युत बिल देने तथा उपभोक्ताओं से विद्युत बिल के सापेक्ष धनराशि प्राप्त करने में असफल रही है जिस कारण विभाग का राजस्व प्रभावित हुआ है एवं छवि धूमिल हुई है। उक्त के दृष्टिगत मुख्य अभियन्ता (वितरण) वाराणसी क्षेत्र–प्रथम द्वारा बिलिंग एजेंसी को व्यापार–निषिद्ध/काली–सूची में डालने अथवा अन्य कार्यवाही किये जाने हेतु प्रबल संस्तुति की गयी।

v. मुख्य अभियन्ता (वितरण) वाराणसी क्षेत्र–द्वितीय द्वारा पत्रांक 1142–मु0अ0वा0क्षे0–द्वि0(वा0)/बिलिंग/ दिनांक 19.07.2024 के माध्यम से अवगत कराया गया कि बिलिंग एजेंसी मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस द्वारा अनुबन्ध के नियम एवं शर्तों के अनुरूप बिलिंग कार्य नहीं कराया गया। अतः मुख्य अभियन्ता (वितरण) वाराणसी क्षेत्र–द्वितीय द्वारा बिलिंग एजेंसी के विरूद्ध अनुबन्ध के नियम एवं शर्तों के अनुसार अग्रेतर कठोर कार्यवाही करने हेतु कहा गया।

6– न्यायिक सिद्वान्तों व नैसर्गिक न्याय के परिपेक्ष्य में मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस को खराब बिलिंग एवं कलेक्शन कार्य करने, अनुबन्ध के नियम एवं शर्तों के अनुसार कार्य न करने तथा अनुबन्ध के प्रावधान के उल्लंघन पर ब्लैकलिस्ट अथवा अन्य कार्यवाही किए जाने हेतु पत्रांक 2605/पूविविनिलि(वा)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 12.07.2024 द्वारा कारण बताओं नोटिस (Show Cause Notice) निर्गत किया गया, जिसमें दिनांक 29.07.2024 तक उक्त कारण बताओं नोटिस का उत्तर प्रेषित करने एवं साथ ही नोटिस में उल्लेख किया गया कि यदि बिलिंग एजेंसी व्यक्तिगत सुनवाई हेतु इच्छुक हैं, तो बिलिंग एजेंसी के प्रबन्ध निदेशक या अधिकृत प्रतिनिधि डिस्काम मुख्यालय पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0, पूर्वांचल विद्युत भवन, विद्युत नगर वाराणसी पर दिनांक 29.07.2024 को व्यक्तिगत उपस्थित हो सकते है।

**7–** माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में बिलिंग एजेन्सी स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेज द्वारा रिट सं0 21801/2024 दाखिल किया गया। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा याचिका WRIT-C No.-21801 of 2024 में दिनांक 08.08.2024 को निम्न निर्णय दिया गयाः–

1. *Heard learned counsel appearing for the parties.*
2. *Learned counsel appearing for the petitioner upon reconsideration has prayed for withdrawal of the writ petition with liberty to the petitioner to approach appropriate forum for the appropriate reliefs.*
3. *In light of the above, the writ petition is dismissed as withdrawn with liberty to the petitioner to approach the appropriate forum for the appropriate reliefs.*

**8–** अग्रेतर न्यायिक सिद्धान्तों व नैसर्गिक न्याय के परिपेक्ष्य में फर्म को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये इस कार्यालय के पत्रांक 2697/पू0वि0वि0नि0लि0)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 22.08.2024 द्वारा पुनः कारण बताओ नोटिस पत्र सं0 पत्रांक 2605/पू0वि0वि0नि0लि0)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 12.07.2024 के सम्बन्ध में अपना उत्तर दिनांक 28.08.2024 तक प्रेषित करने एवं यदि फर्म व्यक्तिगत सुनवाई के इच्छुक है तो दिनांक 28.08.2024 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु उपस्थित हो सकते हैं सूचित किया गया। मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजिज एण्ड सर्विसेस ने इस कार्यालय द्वारा निर्गत कारण बताओ नोटिस पत्रांक 2605/पू0वि0वि0नि0लि0)/ वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 12.07.2024 का उत्तर अपने पत्र सं0 STR/PuVVNL/04/24-87 Date-28.08.2024 के माध्यम से प्रेषित किया। बिलिंग एजेंसी द्वारा प्रेषित उत्तर का समग्रता के साथ अवलोकन एवं अनुबन्ध में प्रदत्त विभिन्न क्लॉज एवं सब–कलॉज के दृष्टिगत विश्लेषण/निरीक्षण किया गया। प्रेषित कारण बताओ नोटिस के बिन्दुओं पर फर्म द्वारा दिया गया उत्तर एवं विश्लेषण में पाये गये तथ्य निम्नवत वर्णित है :–

(क) **<u>कारण बताओ नोटिस के बिन्दु संख्या 1</u>** के अनुसार बिलिंग एजेन्सी को बिलिंग लक्ष्य के सापेक्ष कम बिलिंग किये जाने के सम्बन्ध में आरोपित किया गया। बिलिंग लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त की गयी बिलिंग प्रतिशत निम्नवत् है–

| क्लस्टर/क्षेत्र | | प्राप्ति (In %) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | OCT-23 | NOV-23 | DEC-23 | JAN-24 | FEB -24 | MAR-24 | APRIL-24 | MAY-24 | JUN-24 |
| क्लस्टर–8 (मिर्जापुर क्षेत्र, प्रयागराज–प्र0/द्वि0 क्षेत्र एवं वाराणसी–प्र0/द्वि0 क्षेत्र) | TOTAL BILLING | 93.98 | 93.22 | 93.05 | 77.61 | 78.60 | 81.65 | 78.68 | 75.37 | 75.68 |
| | MU GAP | 11.97 | 13.39 | 12.65 | 7.22 | 5.84 | 5.16 | 4.71 | 4.06 | 4.16 |

अनुबन्ध के अनुसार मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजीज एण्ड सर्विसेज द्वारा समस्त उपभोक्ताओं का बिल निर्गत कर हस्तगत कराया जाना था, परन्तु मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजीज एण्ड सर्विसेज द्वारा माह अक्टूबर–2023, माह नवम्बर–2023, एवं माह दिसम्बर–2023 में क्रमशः मात्र 93.98 प्रतिशत, 93.22 प्रतिशत, एवं 93.05 प्रतिशत बिलिंग की गयी जिसमें एम0यू0 गैप क्रमशः 11.97 प्रतिशत, 13.39 प्रतिशत एवं 12.65 प्रतिशत रहा है। जिससे स्पष्ट होता है कि मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजीज एण्ड सर्विसेज द्वारा समस्त उपभोक्ताओं को बिल निर्गत कर हस्तगत नहीं कराया गया एवं अत्यधिक एम0यू0 गैप से यह प्रतीत होता है कि फर्म के मीटर रीडरों द्वारा उपभोक्ता के परिसर पर न जाकर टेबल रीडिंग की गयी।

कारपोरेशन स्तर पर माह जनवरी–2024 में आहूत समीक्षा बैठक जिसमें मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजीज एण्ड सर्विसेज के उच्च प्रबन्धन के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे में यह संज्ञानित हुआ कि फर्म के मीटर रीडरों द्वारा माह के अन्त में उपभोक्ताओं के परिसर पर न जाकर अत्यधिक मात्रा में टेबल बिलिंग की गयी है एवं बिलिंग एजेन्सी आवश्यकतानुसार मीटर रीडर उपलब्ध नहीं करा पा रही हैं। जिसके कारण बिलिंग गुणवत्ता में सुधार, उपभोक्ताओं को सही बिल देने एवं त्रुटिरहित बिलिंग के उददेश्य से निर्णय लिया गया कि माह की 22 तारीख तक बिलिंग पूर्ण की जायेगी। ऐसे क्षेत्र जहां बिलिंग एजेन्सी बिलिंग हेतु आवश्यकता अनुसार मीटर रीडर उपलब्ध नही करा पा रही थी एवं बिलिंग करने में व्यावहारिक समस्या आ रही थी वहां Bi-Monthly प्लान बनाकर निर्धारित शिड्यूल के अनुसार Bi-Monthly Reading कराया जाये एवं शेष क्षेत्रों में Monthly Reading कराकर शतप्रतिशत उपभोक्ताओं को बिल वितरित किया जाये। जिससे माह में कोई भी उपभोक्ता अनबिल्ड न रहे व फर्म प्रतिमाह 22 तारीख तक उसी मैनपावर से सही बिल बनवा सके और उसका कोई अतिरिक्त वित्तीय भार भी नहीं आयेगा।

परन्तु उपरोक्त तालिका के अनुसार फर्म द्वारा माह जनवरी–2024, फरवरी–2024, मार्च–2024, अप्रैल–2024, मई–2024 एवं जून–2024 में क्रमशः मात्र 77.61 प्रतिशत 78.60 प्रतिशत, 81.65 प्रतिशत, 78.68 प्रतिशत, 75.37 प्रतिशत एवं 75.68 प्रतिशत बिलिंग की गयी तथा एम0यू0 गैप क्रमशः 7.22 प्रतिशत, 5.84 प्रतिशत, 5.16 प्रतिशत, 4.71 प्रतिशत, 4.06 प्रतिशत एवं 4.16 प्रतिशत रहा है। जबकि मीटर रीडरों द्वारा प्रतिमाह 22 तारीख तक मीटर रीडिंग का लक्ष्य 80 प्रतिशत निर्धारित था। परन्तु फर्म द्वारा माह जनवरी–2024, फरवरी–2024, अप्रैल–2024, मई–2024 एवं जून–2024 में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार बिलिंग नहीं की गयी एवं बिलिंग एवं एम0यू0 आधारित बिलिंग के मध्य गैप अत्यधिक

रहा, जिससे स्पष्ट होता है कि फर्म के मीटर रीडरों द्वारा बिना परिसर पर गये हुए गलत रीडिंग डालकर मनमाने तरीके से बिल निर्गत किये गये, जिसके कारण विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्पूर्ण माह बिल सुधार में व्यस्त रहना पड़ा तथा उपभोक्ताओं को ससमय बिल भुगतान करने में असुविधा हुई साथ ही साथ डिस्काम का राजस्व संग्रह एवं विद्युत आपूर्ति का कार्य भी प्रभावित हुआ।

मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजीज एण्ड सर्विसेज के मीटर रीडरों द्वारा की गयी मासिक बिलिंग के डेटा का विश्लेषण करने पर पाया गया कि फर्म के मीटर रीडरों द्वारा एक ही लोकेशन से अनेक बिल निर्गत किये गये तथा एक ही उपभोक्ता की बिलिंग लोकेशन अलग-अलग माह में भिन्न-भिन्न पायी गयी तथा अनेक मीटर रीडरों द्वारा एक ही दिन में 250-300 से भी अधिक बिल निर्गत किये गये। जोकि व्यावहारिक रूप से सम्भव नहीं है। उक्त अनियमितताओं के सम्बन्ध में फर्म को पत्रांक सं0- 2115/पूविविनिलि (वा)/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 13.02.2024 संज्ञानित कराया गया। परन्तु कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ। इससे यह स्पष्ट होता है कि फर्म के मीटर रीडरों द्वारा उपभोक्ता के परिसर पर न जाकर टेबल बिलिंग की गयी।

इसके अतिरिक्त आर0एफ0पी0 के क्लाज सं0 8.1.1 में प्रावधानित है कि-" *Door to door visit every month to consumer premises and downloading of meter reading using smart phone. Wherever downloading of meter reading is not possible, the meter reader will punch readings manually and shall punch exceptions as per clause 8.1.12. It is mandatory that the meter reader shall capture the photo of the meter readings for which bill is to be generated using the mobile app to be provided by the Discom."*

उक्त के अनुसार समस्त उपभोक्ताओं के परिसर पर जाकर डाउनलोडेड बिलिंग की जानी थी। डाउनलोडेड रीडिंग सफल न होने की दशा में मीटर रीडर द्वारा अनिवार्य रूप से मीटर रीडिंग की फोटोग्राफ लेकर मैनुअल मीटर रीडिंग फीड करते हुये बिल निर्गत किया जाना था। परन्तु फर्म के मीटर रीडरों द्वारा अधिकांश उपभोक्ताओं के मीटर की मीटर रीडिंग का फोटोग्राफ उददेश्य पूर्ण एवं वांछित रूप से नहीं लिया गया।

**<u>उपरोक्त के सम्बन्ध में बिलिंग एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया :</u>**

*"We have obtained the data from the billing portal, and any discrepancies with your data are not our concern. Each month, we bill consumers up to the 28th day, covering 94 to 95 percent of them. The remaining consumers are not available in the field, and this has been communicated to your department regularly. However, your department has not taken our concerns seriously, leading to a shortfall of 2 to 3 percent in the billing percentage. Our billing was 95 percent up to December and it suddenly dropped the billing percentage from January month billing due to breach of the clause by your department 8.5.3 of Tender Document and Clause - 1.4.2 of Work Order.*

*As Per Your Notice*

| Cluster/Zone | | Months | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Oct-23 | Nov-23 | Dec-23 | Jan-24 | Feb-24 | Mar-24 | Apr-24 | May-24 | Jun-24 |
| Cluster-8 all zones | Total Billing % | 93.98 | 93.22 | 93.05 | 77.61 | 78.6 | 81.65 | 78.68 | 75.37 | 75.68 |
| | MU-GAP % | 11.97 | 13.39 | 12.65 | 7.22 | 5.84 | 5.16 | 4.71 | 4.06 | 4.16 |

*As Per Data*

| Cluster/Zone | | Months | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Oct-23 | Nov-23 | Dec-23 | Jan-24 | Feb-24 | Mar-24 | Apr-24 | May-24 | Jun-24 |
| Cluster-8 all zones | Total Billing % | 94.91 | 94.22 | 95.49 | 80.95 | 81.87 | 83.41 | 88.51 | 91.37 | 75.68 |
| | MU-GAP % | 11.97 | 13.35 | 12.24 | 7.22 | 5.84 | 5.11 | 4.71 | 4.06 | 4.16 |

बिलिंग एजेन्सी के द्वारा क्लस्टर-8 के समस्त बिलेबल उपभोक्ताओं की शत प्रतिशत बिलिंग करनी थी जोकि बिलिंग ऐजेन्सी द्वारा नहीं की गयी। बिलिंग एजेन्सी का यह कथन कि ऐसे उपभोक्ता जो क्षेत्र में उपलब्ध नहीं है, उनकी बिलिंग सम्भव नहीं थी जिसकी सूचना नियमित रूप से विभाग को दी गयी। जिसे विभाग द्वारा गम्भीरता से नही लिया गया पूर्णरूप से निराधार एवं भ्रामक है जबकि बिलिंग एजेन्सी द्वारा पूर्व में प्रेषित किये गये जंक डाटा एवं अनबिल्ड एक्सेप्शन गलत पाये गये थे। जिसमें से अधिकांश उपभोक्ताओं की बिलिंग बिलिंग एजेन्सी के मीटर रीडरों द्वारा ही की गयी थी एवं जंक डाटा एवं अनबिल्ड एक्सेशन में अधिकांश उपभोक्ताओं के संयोजन क्षेत्र में चलते हुए पाये गये एवं उनकी बिलिंग क्षेत्रीय अधिकारियों/कर्मचारियों के सहयोग से करायी गयी थी। जिससे स्पष्ट है कि बिलिंग एजेन्सी द्वारा बार बार संयोजन का बिना भौतिक सत्यापन किये हुए गलत डाटा प्रेषित कर जंक एवं अनबिल्ड एक्सेशन बताया गया एवं उपभोक्ताओं की बिलिंग का कार्य जिम्मेदारी पूर्वक नही किया गया।

बिलिंग एजेन्सी को सुधार हेतु नियमित रूप से डिस्काम स्तर पर आहूत विभिन्न समीक्षा बैठक दिनांक 10.02.2024 (कार्यवृत्त सं0 2111/पू0वि0वि0नि0लि0/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 10.02.2024), समीक्षा बैठक दिनांक 29.02.2024 (कार्यवृत्त सं0 2156/पू0वि0वि0नि0लि0/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 01.03.2024), समीक्षा बैठक दिनांक 01.04.2024 (कार्यवृत्त सं0 2257/पू0वि0वि0नि0लि0/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 02.04.2024), समीक्षा बैठक दिनांक 24.04.2024 (कार्यवृत्त सं0 2330/पू0वि0वि0नि0लि0/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 24.04.2024) एवं विभिन्न पत्रांक 1852/पू0वि0वि0नि0लि0/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 18.11.2023, पत्रांक 1934/PuVVNL(v)./ Billing Date 15.12.2023, पत्रांक 2121/पू0वि0वि0नि0लि0/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 16.02.2024, पत्रांक 2186/पू0वि0वि0नि0लि0/वाणिज्य/बिलिंग दिनांक 06.03.2024, पत्रांक 2740/पू0वि0वि0नि0लि0 /वाणिज्य /बिलिंग दिनांक 27.05.2024, पत्रांक 2526/पू0वि0वि0नि0लि0 /वाणिज्य /बिलिंग दिनांक 21.06.2024 एवं क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा भी विभिन्न पत्रों के माध्यम से मेसर्स स्टर्लिंग बिलिंग एजेंसी को बिलिंग में सुधार कर निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया जा रहा था, परन्तु बिलिंग एजेन्सी द्वारा बिलिंग में कोई सुधार नहीं किया गया। बिलिंग एजेन्सी द्वारा बिलिंग प्रतिशत कम होने के सम्बन्ध में कोई भी आंकड़ा साक्ष्यों सहित प्रस्तुत नहीं किया गया तथा बिलिंग एवं एम0यू0 आधारित बिलिंग के मध्य गैप अत्यधिक होने के सम्बन्ध में बिलिंग ऐजेन्सी द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया।

कारपोरेशन/डिस्कॉम द्वारा निरन्तर दिये गये निर्देशों के उपरान्त भी बिलिंग में सुधार न होने पर बिलिंग गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुये उपभोक्ताओं को सही बिल उपलब्ध कराये जाने हेतु कारपोरेशन द्वारा माह सितम्बर –2023 में सुपरवाईज्ड (असिस्टेड) मीटर रीडिग का कार्य प्रारम्भ कराया गया जिसमें मीटर रीडरों को विभागिय कार्मिको के साथ मीटर रीडिग का कार्य किया जाना था। सुपरवाईज्ड मीटर रीडिग कराये जाने पर यह पाया गया कि बिलिंग ऐजेन्सी के मीटर रीडरों द्वारा बिलिंग लक्ष्य पूर्ण करने के उद्धेश्य से उपभोक्ताओं के परिसरों पर न जाकर टेबल रीडिग की जा रही थी। सुपरवाईज्ड (असिस्टेड) मीटर रीडिग के परिणामस्वरूप माह अक्टूबर–2023, नवम्बर–2023 एवं दिसम्बर–2023 में आई0डी0एफ0 एवं आर0डी0एफ0 प्रकरणों में अप्रत्याशित वृद्धि हुयी जो कि माह अक्टूबर–2023, नवम्बर–2023 एवं दिसम्बर–2023 में बिलिंग एवं एम0यू0 आधारित बिलिंग के मध्य अत्यधिक गैप से स्पष्ट हो रहा है। जिसके दृष्टिगत टेबल बिलिंग पर अंकुश लगाकर गुणवत्तापूर्ण बिलिंग सुनिश्चित किये जाने हेतु बिलिंग ऐजेन्सीयों के साथ विचार विमर्श के उपरान्त माह की 22 तारीख तक बिलिंग पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बिलिंग एजेंसी की सम्बन्धित क्षेत्र के उपभोक्ताओं की गुणवत्तवापूर्ण बिलिंग करने की पूर्ण जिम्मेदारी थी, परन्तु बिलिंग एजेंसी द्वारा कारपोरेशन/डिस्कॉम द्वारा पूर्ण सहयोग करने के पश्चात भी उपभोक्ताओं की बिलिंग करने का कार्य जिम्मेदारीपूर्वक नहीं किया गया एवं यदि कुछ उपभोक्ताओं की बिलिंग संभव नहीं थी तो उसकी सूचना सम्बन्धित खण्ड/मण्डल/क्षेत्र/डिस्कॉम को माहवार उपलब्ध कराना चाहिए था, परन्तु बिलिंग एजेंसी द्वारा यह कार्य नहीं किया गया। अतः लक्ष्य के अनुसार गुणवत्तापूर्ण बिलिंग न करने के सम्बन्ध में बिलिंग एजेन्सी द्वारा दिये गये कारण स्वीकार योग्य नहीं है।

(ख) <u>कारण बताओ नोटिस के बिन्दु संख्या 2</u> के अनुसार बिलिंग एजेन्सी को डाउनलोडेड/ओ0सी0आर0 बिलिंग की अत्यन्त खराब प्रगति के सम्बन्ध में आरोपित किया गया। अनुबन्ध के अनुसार मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजीज एण्ड सर्विसेज द्वारा मीटर्ड बिलेबल संयोजनो की डाउनलोडेड बिलिंग (प्रोब बिलिंग) करते हुए बीजक उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाना था। आर0एफ0पी0 के क्लाज सं0 8.2.1.e में प्रावधानित है कि– "*Agency shall be required to meet the targets for meter reading by downloading of downloadable meters. The Downloaded meter for each cluster is provided. The Discom shall provide the target for downloading of meter based on progress of addressing of the exceptions by the agency and other field conditions.* "जिसके अनुसार डिस्काम द्वारा माहवार डाउनलोडेड बिलिंग के निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त किया जाना था। मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजीज एण्ड सर्विसेज द्वारा करायी गयी डाउनलोडेड/ओ0सी0आर0 बिलिंग का विवरण निम्नवत है:–

| Month | METERED Billable (Except Prepaid, Smart & MRI) | Monthly Probe Target (Minimum) | OCR BILLED | DOWNLOADED Billed | Total (OCR +DOWNLOADED | IN % W.R.T. Target | IN % W.R.T. Billable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Oct-23** | 4914805 | 1384984 | 0 | 317497 | 317497 | 22.92 | 6.46 |
| **Nov-23** | 4931294 | 1454233 | 0 | 318511 | 318511 | 21.90 | 6.46 |
| **Dec-23** | 4939908 | 1526943 | 0 | 304386 | 304386 | 19.93 | 6.16 |
| **Jan-24** | 4974093 | 1603290 | 0 | 276971 | 276971 | 17.28 | 5.57 |
| **Feb-24** | 4987298 | 1619323 | 0 | 265875 | 265875 | 16.42 | 5.33 |
| **Mar-24** | 5001899 | 1635516 | 44371 | 296144 | 340515 | 20.82 | 6.81 |
| **Apr-24** | 5015885 | 1651872 | 55086 | 290443 | 345529 | 20.92 | 6.89 |
| **May-24** | 5037252 | 1668391 | 77246 | 272329 | 349575 | 20.95 | 6.94 |
| **Jun-24** | 5063126 | 1685075 | 124366 | 284306 | 408672 | 24.25 | 8.07 |

माह जून–2024 में डिस्काम द्वारा डाउनलोडेड बिलिंग के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 24.25 प्रतिशत एवं कुल मीटर्ड बिलेबल उपभोक्ता के सापेक्ष मात्र 8.07 प्रतिशत ही डाउनलोडेड/ओ0सी0आर बिलिंग की गयी जोकि अत्यन्त खराब है। इसी प्रकार जून–2024 से पूर्व के माहों में भी डाउनलोडेड/ओ0सी0आर0 बिलिंग की प्रगति अत्यन्त खराब रही। कारपोरेशन स्तर पर दिनांक 30.10.2023 को समीक्षा बैठक में फर्म द्वारा की जा रही डाउनलोडेड बिलिंग की प्रगति में सुधार परिलक्षित न होने पर बिलिंग फर्म के अनुरोध पर ओ0सी0आर0 तकनीकी से मीटर रीडिंग आधारित बिलिंग उपलब्ध कराये जाने की अनुमति प्रदान की गयी एवं ओ0सी0आर0 बिलिंग को डाउनलोडेड के समतुल्य माना गया, परन्तु उसके पश्चात भी डाउनलोडेड बिलिंग में सुधार नहीं हुआ।

आर0एफ0पी0 के क्लाज सं0 8.2.2 में प्रावधानित है कि– ***"Downloading Exception addressing by agency: The agency shall be responsible to carry out removal of all downloaded exceptions within the prescribed timeline ( Maximum 6 month)"*** जिसके अनुसार समस्त डाउनलोडेड एक्सेप्शन निर्धारित समयावधि के अनुसार अधिकतम 6 माह में दूर कर डाउनलोडेड बिलिंग की जानी थी परन्तु फर्म द्वारा उपरोक्त कार्य नही किया गया, जिसके कारण डाउनलोडेड बिलिंग की प्रगति अत्यन्त खराब रही है।

**उपरोक्त .के सम्बन्ध में बिलिंग एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया :**

*"Regarding Probe billing, as per the contract clause, we met the target for both attempts and successful billings up until January. The performance then declined due to the confusing actions of your department, which resulted in a breach of clause 8.5.3 of the Tender Document and clause 1.4.2 of the Work Order."*

बिलिंग एजेन्सी द्वारा डाउनलोडेड (प्रोब)/ओ0सी0आर0 बिलिंग के सम्बन्ध में कोई भी आंकड़ा प्रस्तुत नहीं किया गया। बिलिंग एजेन्सी द्वारा अनुबन्ध के 2.5 वर्ष से भी अधिक समय से कार्य करते रहने के उपरान्त भी माह जून–2024 में आर0एफ0पी0 के अनुसार डाउनलोडेवल मीटर के सापेक्ष मात्र 17.31 प्रतिशत, माह के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 24.25 प्रतिशत एवं कुल मीटर्ड संयोजनों के सापेक्ष मात्र 8.04 प्रतिशत डाउनलोडेड बिलिंग की गयी, जो कि अत्यन्त कम है जबकि बिलिंग एजेन्सी के अनुरोध पर ओ0सी0आर0 तकनीक से मीटर रीडिंग आधारित बिलिंग उपलब्ध कराये जाने की अनुमति प्रदान की गयी थी एवं ओ0सी0आर0 बिलिंग को डाउनलोडेड बिलिंग के समतुल्य माना गया है। बिलिंग एजेन्सी को क्षेत्र में स्थापित सभी डाउनलोडेवल मीटरों पर प्रोब अटेम्पट /ओ0सी0आर0 करनी चाहिए थी परन्तु बिलिंग एजेन्सी द्वारा सभी मीटरों पर प्रोब अटेम्पट/ओ0सी0आर0 करने का प्रयास नहीं किया गया। जिसके कारण डाउनलोडेड (प्रोब)/ओ0सी0आर0 की प्रगति अत्यन्त खराब रही। अनुबन्ध के क्लॉज सं0 1.1.1 के अनुसार जिन उपभोक्ताओं की तकनीकी कारणों से डाउनलोडिंग बिलिंग किया जाना सम्भव नहीं था उन प्रकरणों में मीटर रीडिंग का फोटोग्राफ लिया जाना अनिवार्य था जो कार्य बिलिंग एजेंसी द्वारा उद्देश्यपूर्ण वांछित रूप से नहीं लिया गया जिससे यह स्वतः स्पष्ट है कि बिलिंग एजेन्सी द्वारा डाउनलोडेड (प्रोब)/ओ0सी0आर0 के कार्य में घोर लापरवाही की गयी थी। अतः डाउनलोडेड/ओ0सी0आर0 बिलिंग की खराब प्रगति के सम्बन्ध में बिलिंग एजेन्सी द्वारा दिये गये कारण स्वीकार योग्य नहीं है।

(ग) **कारण बताओ नोटिस के बिन्दु संख्या–3** के अनुसार बिलिंग एजेन्सी को मीटर रीडिंग एवं बिल वितरण की सही प्रकार से एवं नियमित रूप से कॉस चैकिंग न किये जाने के सम्बन्ध में आरोपित किया गया। आर0एफ0पी0 के क्लाज सं0 8.4.1 में प्रावधानित है कि– "The supervisor will carry out cross checking of meter readings for improving the quality of billing and collection in every month."

a) *Random sample checking of 1% of meter readings which are not downloaded from meter & submit the Report to the concerned office of Discom.*
b) *Shall also monitor billing performance & their exception, sample verification of table reading, exceptions etc and submit. Report to the concerned office of Discom.*
c) *Random sample checking of 1% of consumers for receipt of bills for consumers where supply is either unmetered or through smart meter and submit Report to the concerned office of Discom."*

जिसके अनुसार फर्म के बिलिंग सुपरवाईजरों द्वारा प्रत्येक माह मीटर्ड उपभोक्ताओं की मीटर रीडरों द्वारा की गयी बिलिंग की 1 प्रतिशत उपभोक्ताओं की रीडिंग (डाउनलोडेड को छोडकर) की कॉस चैकिंग एवं 1 प्रतिशत अनमीटर्ड अथवा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिल वितरण की रेन्डम कॉस चैकिंग किये जाने का कार्य करते हुए रिपोर्ट सम्बन्धित कार्यालय को उपलब्ध करायी जानी थी। परन्तु फर्म के सुपरवाईजरों द्वारा मीटर रीडिंग की क्रॉस चेकिंग किये जाने का कार्य उचित प्रकार से सतत नहीं किया गया, जिसके कारण से बिलिंग गुणवत्ता में सुधार परिलक्षित नहीं हुआ एवं उपभोक्ताओं को ससमय सही मीटर रीडिंग आधारित बिल वितरित नहीं किया गया।

**उपरोक्त .के सम्बन्ध में बिलिंग एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया :**

*"Our supervisor strictly adhered to clause 8.4.1, and the relevant information was submitted to the concerned field officer for verification. It is your responsibility to obtain the necessary information from the field officer."*

बिलिंग एजेंसी को अनुबन्ध के अनुसार बिलिंग सुपरवाईजरों द्वारा कम से कम 01 प्रतिशत नान डाउनलोडेबल मैनुअल रीडिंग फीड कर बनाये गये बिलों वाले संयोजनों की रीडिंग, 1 प्रतिशत अनमीटर्ड एवं स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिल वितरण की क्रॉस चैकिंग कर संकलित रिपोर्ट खण्ड/मण्डल/क्षेत्र/डिस्कॉम को प्रेषित की जानी थी, परन्तु बिलिंग सुपरवाईजरों द्वारा उपरोक्त कार्य नहीं किया गया, जिसके कारण बिलिंग गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। बिलिंग एजेंसी के सुपरवाईजरों द्वारा मीटर रीडिंग की क्रॉस चैकिंग के कार्य से सम्बन्धित प्रपत्र/रिपोर्ट एवं दोष पाये जाने पर कृत कार्यवाही सम्बन्धित खण्ड/मण्डल/क्षेत्र/डिस्कॉम को नियमित रूप से उपलब्ध नहीं कराये गये। बिलिंग एजेंसी द्वारा सुपरवाईजरों द्वारा की गयी मीटर रीडिंग/बिल वितरण की क्रॉस चैकिंग सम्बन्धी साक्ष्य रिपोर्ट/प्रपत्र उत्तर के साथ भी प्रेषित नहीं किये गये। अतः मीटर रीडिंग एवं बिल वितरण की सही प्रकार से एवं नियमित रूप से मीटर रीडिंग की क्रॉस चैकिंग किये जाने के सम्बन्ध में बिलिंग एजेन्सी का कथन स्वीकार योग्य नहीं है।

(घ) **कारण बताओ नोटिस के बिन्दु संख्या 4** के अनुसार बिलिंग एजेन्सी को मीटर रीडरों द्वारा किये जा रहे कलेक्शन की खराब प्रगति के सम्बन्ध में आरोपित किया गया। मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजीज एण्ड सर्विसेज द्वारा मीटर रीडरों के माध्यम से मीटर रीडिंग के साथ-साथ समस्त उपभोक्ताओं से विद्युत बिल कलेक्शन का कार्य भी कराया जाना था। आर0एफ0पी0 के क्लाज सं0 8.3 में प्राविधानित है-

"**8.3.1** - *The agency through its employees shall collect revenue by reaching consumers door-to-door against electricity dues of the consumer,whose meter reading was done by it.*

***8.3.2*** - *The agency shall operate its door-to-door revenue collection operations using Pre-paid wallet of Discom. The agency shall deposit the top up amount in advance and the agency shall be permitted for collection of electricity bills from the consumers only upto the limit of top-up amount."*

जिसके अनुसार मीटर रीडरों द्वारा प्री-पेड ई-वालेट के माध्यम से डोर टू डोर बिल निर्गमन एवं वितरण के साथ विद्युत बिल के सापेक्ष राजस्व कलेक्शन का कार्य भी किया जाना था, जिसके लिए बिलिंग फर्म को मीटर रीडरों की ई-वालेट में पर्याप्त धनराशि का अग्रिम रिचार्ज कराकर कलेक्टिंग एजेन्ट के माध्यम से राजस्व कलेक्शन कराया जाना था। मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजीज एण्ड सर्विसेज के मीटर रीडरों द्वारा माह अक्टूबर-2023 से जून-2024 तक किये गये कलेक्शन की प्रगति निम्नवत है-

| MONTH | cluster-8 Total Revenue realization (Cr.) | Total Recharge Amount (Cr.) | Collection By Meter Readers | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Deposit Bill Count (No) | Collected Bill Amount (Cr.) | % w.r.t total realization |
| **Oct-23** | 352.09 | 0.19 | 3641 | 0.31 | 0.09 |
| **Nov-23** | 847.29 | 1.72 | 20985 | 1.74 | 0.21 |
| **Dec-23** | 1295.96 | 2.29 | 29300 | 2.04 | 0.16 |
| **Jan-24** | 659.10 | 2.65 | 33479 | 2.36 | 0.36 |
| **Feb-24** | 287.80 | 2.85 | 32926 | 2.78 | 0.97 |
| **Mar-24** | 330.97 | 2.85 | 34320 | 2.84 | 0.86 |
| **Apr-24** | 241.10 | 2.46 | 27473 | 2.41 | 1.00 |
| **May-24** | 293.65 | 2.48 | 24867 | 2.60 | 0.88 |
| **Jun-24** | 369.31 | 0.90 | 14532 | 1.65 | 0.45 |

उपरोक्त विवरण के अनुसार फर्म द्वारा माह जून-2024 में बिलिंग एजेन्सी के ई-वालेट में कुल धनराशि मात्र 0.90 करोड़ रूपये से रिचार्ज किया गया एवं मात्र 14532 उपभोक्ताओं से मात्र रू0 1.65 करोड़ का ही राजस्व संग्रह किया गया, जो कि अत्यन्त खराब है। इसी प्रकार जून-2024 से पूर्व के माहों में भी बिलिंग एजेन्सी के ई-वालेट में रिचार्ज कराये जाने एवं कलेक्शन की प्रगति अत्यन्त खराब रही। इससे स्पष्ट होता है कि मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजीज एण्ड सर्विसेज द्वारा अनुबन्ध के अनुसार विद्युत बिल कलेक्शन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में घोर लापरवाही की गयी।

**उपरोक्त के सम्बन्ध में बिलिंग एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया** :

